हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 73 देहरादून, सोमवार, 05 सितंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



कितने ही कठोर व कड़वे निर्णय लेने हों, मैं पीछे नहीं हटूंगी : ऋतू खंडूड़ी, स्पीकर 3

# बागेश्वर में विकास योजनाओं की बयार : सीएम धामी ने खोला खजाना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बागेश्वरख 5 सितम्बर। विश्व प्रसिद्ध बागनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की व मंदिर से नुमाऱ्इखेत पुल व नवनिर्मित बागनाथ धर्मशाला एवं पुर्ननिर्मित भैरव मंदिर का लोकापर्ण किया। बिलौना बस डिपो में आयोजित कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर विधानसभा में 2198.30 लाख के 19 कार्यों का लोकापर्ण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 1463.29 लाख लागत से निर्मित 13 विकास कार्यों का लोकापर्ण एवं 735.01 लाख की धनराशि के 06 विकास कार्यों का शिलान्यास किया व बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने 316.91 लाख से निर्मित बागनाथ मंदिर से नुमाऱ्इशखेत जोड़ने वाले 70 मीटर पुल का निर्माण, 157.57 लाख से निर्मित बागनाथ धर्मशाला का निर्माण एवं भैरव मंदिर पुर्ननिर्माण कार्यों, 42.05 लाख से निर्मित राइका वज्यूला में पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला व आर्ट एण्ड क्राफ्ट कक्ष का निर्माण, 59.21 लाख से निर्मित राइका सिरकोट में पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला व आर्ट एण्ड क्राफ्ट कक्ष का निर्माण, 64.39 लाख से निर्मित डायट बागेश्वर में हॉल एवं टायलेट ब्लाक का निर्माण, 105 लाख की लागत से मथुरो लिफ्ट सिंचाई योजना, 120.21 लाख की लागत से कन्धार लिफ्ट योजना, 25.78 लाख की लागत से तहसील गरूड़ में मॉर्डन रिकार्ड रूम निर्माण, 84.70 लाख से निर्मित गरूड़ विकास खण्ड सभागार का निर्माण, 99.62 लाख से पुलिस अधीक्षक कार्यालय के भूतल के ऊपर फेब्रिकेटेड स्ट्रक्चर का निर्माण, 202.74 लाख से भिटारगॉव में 30 मीटर स्पान स्टील गर्डर पैदल पुल, 185.11 लाख की धनराशि से निर्मित जाखा जखेड़ा मोटर मार्ग में कालारोवेगॉव से सेरा में 36 मीटर स्पान स्टील गर्डर पैदल पुल व बस डिपो बागेश्वर का लोकापर्ण किया। उन्होंने 163.55 लाख की धनराशि से ग्राम बिलौनासेरा में महर्षि स्कूल के समीप सरयू नदी में बाढ़ सुरक्षा कार्य, 83.93 लाख से निर्मित कोटतुलारी लिफ्ट सिंचाई योजना कार्य, 28.68 लाख से राप्रवि देवलधार का पुर्ननिर्माण कार्य, 100 लाख से कठायतबाड़ा वन परिसर में दोमंजिला फॉरेस्ट चौकी निर्माण कार्य, 89.49 लाख से निर्मित होने वाले वन स्टॉप सेंटर भवन निर्माण व 269.36 लाख की धनराशि से मटेना जिनखोला मोटर मार्ग में 36 मी0 स्टपान स्टील सेतु निमार्ण कार्य का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने बैजनाथ मेला डुंगरी हैलीपेड विस्तारीकरण की घोषणा की तथा काफलीगैर में डिग्री कॉलेज प्रारम्भ करने व वर्तमान शिक्षा सत्र 2022-23 से कक्षाओं का संचालन करने की स्वीकृति, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पन्त क्वौराली का प्रान्तीकरण एवं उच्चीकरण, पालडी से जैनकरास मोटर मार्ग एवं गुरना से नैनीउडियार मोटर मार्ग का डामरीकरणके साथ ही कपकोट चन्द्र सिंह शाही महाविद्यालय में एम.ए., इतिहास, राजनैतिक शास्त्र, समाज शास्त्र, बीएससी के सभी पद तथा बी.ए. में भूगोल पद सहित, कपकोट में बस स्टेशन व 02 टैक्सी स्टेण्ड निर्माण की बात कही।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर बस डिपो के शुभारम्भ के अवसर पर जनपद के लोगों को बधाई दी, उन्होंने कहा बागेश्वर डिपो की शुरूआत से समस्त बस सेवायें बागेश्वर से प्रारम्भ होकर बागेश्वर पर ही आकर समाप्त होंगी।

उन्होंने कहा इन सेवाओं हेतु 21 बसों को बागेश्वर डिपो में सम्मिलित किया जा रहा है। आज तक उत्तराखण्ड परिवहन निगम 18 बस डिपो के माध्यम से अब इसमें बागेश्वर डिपो के जुड़ जाने से कुल 19 डिपों के माध्यम से अपने 1275 बस बेड़ों के साथ जनता को यातायात की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा बागेश्वर जनपद का स्वतंत्रता संग्राम में भी बड़ा योगदान रहा है। बागेश्वर बस डीपो बन जाने से नये स्थानों को भी जोड़ा जायेगा, डिपो बनने से जहाँ बागेश्वर से आवागमन सुगम होगा तथा व्यापार बढ़ेगा वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़ेगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, छात्राओं, स्वतन्त्रता संग्राम सैनानी, मान्यता प्राप्त पत्रकारों, राज्य आन्दोलन कारियों, दिव्यांगजनों, सांसदों एवं विधानसभा सदस्यों तथा रक्षाबन्धन के अवसर पर बहनों के लिए परिवहन निगम के माध्यम से विशिष्ट श्रेणी के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गऱ्इ है, जिसकी प्रतिपूर्ति सरकार द्वारा की जाती है, उन्होंने कहा चारधाम यात्रा पर परिवहन निगम की बसों द्वारा माह द्वारा की जाती है, मऱ्इ एवं जून में 33544 यात्रियों को लाने एवं पहुंचाने का कार्य किया है। कोविड-19 के समय में निगम की बसों द्वारा विभिन्न राज्यों से प्रवासियों को राज्य में लाने का भी कार्य किया है, सरकार द्वारा कोविड काल में लॉकडाउन से प्रभावित हुए कुल 1372 चालक-परिचालकों को, 06 माह हेतु रू 2,000 प्रतिमाह की दर से कुल 01 करोड़ 64 लाख 64 हजार रूपये सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किये गये है। श्री केदारपुरी का पुनर्निर्माण व बद्रीनाथ धाम जी के मास्टर प्लान का काम हो रहा है।






मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार अपने वादों के अनुसार गरीब परिवारों को तीन सिलेण्डर मुफ्त उपलब्ध करवाने रही हैं। इसके लिये बजट में प्रावधान भी किया गया है, हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी बहनों के मानदेय में बढ़ोतरी करते हुए आंगनबाड़ी बहनों का मानदेय 9300 रूपए, मिनि आंगनबाड़ी का 6250 रूपए और सहायिकाओं का मानदेय 5250 रूपए किया गया है, इसी प्रकार आशा कार्यकत्रियों के मानदेय में 1500 रूपए बढ़ाकर 6000 रूपये कर दी गऱ्इ है, वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन की राशि को 1000 रूपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 1500 रूपए प्रतिमाह किया गया है। जिसके तहत जनपद बागेश्वर में 15,866 वृद्धजनों 6,710 विधवा एवं 2,740 दिव्यांग लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान किया गया है, उत्तराखण्ड में अब वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत पात्र पति व पत्नी दोनों को लाभ मिलेगा ऐसा प्राविधान किया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी गति का काम हो रहा है, साथ ही टनकपुर-बागेश्वर ब्रॉडग्रेज सर्वे शुरू कर दिया गया है, डोईवाला से गंगोत्री-यमुनोत्री रेललाइन के सर्वे पर भारत सरकार की सहमति बनी है, चारधाम ऑलवेदर सड़क परियोजना के साथ ही टनकपुर-पिथौरागढ़ की सड़क कनेक्टीवीटी में सुधार हुआ है, चारधाम सर्किट में सभी मंदिरों, गुरूद्वारों में भौतिक ढांचे और परिवहन सुविधाओं के विस्तार किया जा रहा है, उन्होंने कहा हम कुमाऊं के पौराणिक मंदिरों के लिये मानसखण्ड मंदिर माला मिशन पर कार्य कर रहे हैं, पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिये पर्वत माला परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सड़क रेल हवाऱ्इ कनेक्टिविटी पर तेज गति के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा राज्य सरकार पारदर्शिता के साथ विकल्प रहित संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा बागेश्वर जिला अल्मोड़े से अलग होकर बना था लेकिन अब जिला व्यवस्थित हो गया है इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री लगातार जनपद व प्रदेश के विकास के लिए चिन्तित है व आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने बताया कि टनकपुर चौखुटिया रेल लाऱ्इन के लिए भारत सरकार द्वारा 29 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने कहा कि युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश दिनों दिन विकास की ओर अग्रसर है इसके लिए उन्होंने सीएम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कपकोट चन्द्र सिंह शाही महाविद्यालय में एम.ए., इतिहास, राजनैतिक शास्त्र, समाज शास्त्र, बीएससी के सभी पद तथा बी.ए. में भूगोल पद सहित, कपकोट में बस स्टेशन व 02 टैक्सी स्टेण्ड निर्माण का अनुरोध किया। जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव द्वारा भी जनसभा को संबोधित किया गया।

कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री धामी एवं समाज कल्याण मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य अतिथियों द्वारा लाभाथ्रीपरक योजनाओं के चैक व कृषि संयत्र वितरित किये, जिसमें दीन दयाल सहकारी किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत गोपाल सिंह ग्राम नैल, दीवान राम छानापानी, नन्दन राम कठायतबाड़ा, विक्रम आर्या मण्डलसेरा को दुधारू पशु हेतु 01-01 लाख के चैक, 32 स्वयं सहायता समूहों को 41 लाख के सीसीएल चैक वितरित किये तथा जनपद के 13 लाभार्थियों को कृषि विभाग के माध्यम से पावर वीडर व उद्योग विभाग के माध्यम से मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना नेनो योजना में मीना देवी को मुर्गी पालन हेतु 50 हजार, बलवंत सिंह को बकरी पालन हेतु 50 हजार, प्रधानमंत्री रोजगार योजना में भागीरथी देवी को फर्नीचर उद्योग हेतु 09 लाख, विनोद गिरी को आटोमोबाइल सर्विस हेतु 04 लाख, मुख्यमंत्री रोजगार योजना में पुरन सिंह को जनरल स्टोर हेतु 1.80 लाख के चैक वितरित किये गये व आपदा में मलुवे से दबकर सलीम अहमद की मृत्यु हो गयी थी उसके पुत्र इशान अहमद को 04 लाख का मुआवजा चैक व कोरोना काल में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बागेश्वर पुष्पा देवी, कपकोट गोविन्द दानू, पूर्व विधायक बलवंत सिंह भौर्याल, जिलाध्यक्ष भाजपा शिव सिंह बिष्ट, महामंत्री सुरेश काण्डपाल, राजेन्द्र परिहार, पूर्व पालिका अध्यक्ष सुबोध लाल शाह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा आर्या, मधुसुदन, गिरीश परिहार, मण्डल अध्यक्ष सहित जिलाधिकारी रीना जोशी, पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुनीता टम्टा, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गुरदेव सिंह, महाप्रबन्धक डिपो दीपक जैन आदि मौजूद थे।

# आखिर क्यों बढ़ जाती है श्राद्ध पक्ष में कौए और पीपल की अहमियत ?






फ़िरोज़ आलम गाँधी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 5 सितम्बर। उत्तराखंड के हरिद्वार में श्राद्ध पक्ष के दौरान देश भर से परिजन अपने पितरों की आत्मा की तृप्ति और शांति के लिए पहुंचते हैं। गंगा घाटों और मंदिरों में पिंडदान श्राद्ध और केश तर्पण का विशेष महत्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल पितृपक्ष की शुरुआत 10 सितंबर से होगी। पितृपक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद करके उनकी मृत्यु की तिथि पर उनको याद करते हैं। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार पितृपक्ष में लोग अपने पितरों को पिंड दान करते हैं और उन्हें प्रसन्न करने के लिए ब्राह्मण भोज कराते हैं। पितृ पक्ष में कौए की अहमियत काफी बढ़ जाती है। ऐसी मान्यता है कि कौआ यम का प्रतीक होता है। पितृ पक्ष में कौए को खाना खिला कर पितरों को तृप्त किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि अगर पितृपक्ष में घर के आंगन में कौआ आकर बैठ जाए तो यह अत्यंत शुभ संकेत होता है और अगर कौआ आपका दिया हुआ भोजन खा लें तो यह अत्यंत शुभ होता है। इसका अर्थ है कि पितृ आपसे बेहद प्रसन्न हैं और आपको ढेर सारा आशीर्वाद देकर गए हैं। आइए जानते हैं पितृ पक्ष में कौए का क्या महत्व है।

**यमराज का प्रतीक है कौआ**

हिंदू शास्त्रों के मुताबिक कौए को यमराज का संदेश वाहक माना गया है। कौए के माध्यम से ही पितृ आपके पास आते हैं। भोजन करते हैं और आशीर्वाद देते हैं। कौआ यमराज का प्रतीक होता है। पितृपक्ष के दौरान कौए को भोजन खिलाना यानी अपने पितरों को भोजन खिलाने के बराबर होता है। पितृ पक्ष में कौए को रोजाना भोजन कराना चाहिए। इससे आपके हर बिगड़े काम बनने लगेंगे।

**पीपल के पेड़ का भी है महत्व**

पितृ पक्ष के समय यदि कौआ नहीं मिलता है तो आप कुत्ते या गाय को भी भोजन खिला सकती हैं। इसके अलावा पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाने का भी विशेष महत्व है। पीपल को भी पितृ का प्रतीक माना गया है। ऐसे में पीपल को जल अर्पित करके पितरों को प्रसन्न किया जा सकता है।

# उत्तर कोरिया और क्यूबा ही ऐसे स्थान हैं जहाँ आप कोका-कोला नहीं खरीद सकते



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ जाते हैं, यह जानकर सुकून मिलता है कि आप हमेशा कोका-कोला का आनंद ले सकते हैं। पार्टी हो या कोई फंक्शन, ड्रिंक्स सेक्शन में कोका-कोला के कोल्ड ड्रिंक्स का होना जरूरी है, यह ड्रिंक पूरी दुनिया में मशहूर है। खैर, लगभग कहीं भी। जबकि यह फ़िज़ी पेय व्यावहारिक रूप से हर जगह बेचा जाता है, यह अभी भी (आधिकारिक तौर पर) उत्तर कोरिया या क्यूबा में नहीं आया है।


हालाँकि, कुछ लोगों का कहना है कि यदि आप पर्याप्त प्रयास करते हैं तो आप सामान का एक घूंट लेने में सक्षम हो सकते हैं - हालाँकि यह आमतौर पर राज्यों में आपके द्वारा भुगतान किए जाने की तुलना में बहुत अधिक महंगा होगा - और संभवतः पड़ोसी देश से आयात किया जाता है जैसे कि मेक्सिको या चीन।

कोका-कोला ने 1906 में क्यूबा में अपना प्लांट शुरू किया, दो साल बाद 1962 में क्यूबा की क्रांति शुरू हुई और कोका-कोला का उत्पादन बंद कर दिया गया। कास्त्रो की सरकार ने विदेशी कंपनियों की संपत्ति जब्त कर ली, इसलिए कोका-कोला के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया, तब से कोका-कोला ने क्यूबा के साथ व्यापार बंद कर दिया है।

क्यूबा के अलावा उत्तर कोरिया में भी कोका-कोला नहीं बिकता है। कोरियाई युद्ध 1950 और 1953 के बीच हुआ था, जिसके कारण संयुक्त राज्य अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे। 1980 में उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर बमबारी की, तब से अमेरिका ने सख्त कानून बनाए हैं। तो, उत्तर कोरिया में कोका-कोला नहीं बेचा जाता है। म्यांमार और वियतनाम में भी लंबे समय तक कोका-कोला की बिक्री नहीं हुई थी, वहां से बाद में प्रतिबंध हटा लिया गया था।




# हस्ताक्षर से जानिए व्यक्तित्व के बारे में......




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

व्यक्ति किस तरह का व्यक्तित्व है, यह उसके भाषण, लेखन और व्यवहार के विभिन्न पहलुओं से जाना जा सकता है। हम नहीं बल्कि वास्तु ऐसा कहता है। वास्तु विशेषज्ञ के अनुसार आपके हस्ताक्षर आपके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ कहते हैं। अगर आप कोई सिग्नेचर लिखते हैं, उसे काटते हैं या उसके नीचे लाइन लगाते हैं या बहुत बड़ा या छोटा सिग्नेचर लिखते हैं, तो उसका भी कुछ अर्थ होता है। आइए जानते हैं हस्ताक्षर के बारे में

**जल्दबाजी में किये गए हस्ताक्षर**

वास्तु विशेषज्ञों के अनुसार, जो लोग जल्दी और बहुत जल्दी हस्ताक्षर कर देते हैं, ये लोग बहुत महत्वाकांक्षी और मेहनती होते हैं। लेकिन, इन लोगों के जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते हैं। साथ ही वास्तु विशेषज्ञों का कहना है कि इन लोगों के हस्ताक्षर से पता चलता है कि ये राजनीति में अच्छे हैं, यानी ये राजनीतिक प्रतिभा के धनी हैं।

**हस्ताक्षर काटने वाले**

इन लोगों को वास्तु विशेषज्ञ कहा जाता है कि इन लोगों का व्यक्तित्व ऐसा होता है कि ये लोग संतुष्ट नहीं होते हैं। वे एक पल में परेशान हो जाते हैं और अगले ही पल खुश हो जाते हैं। इन लोगों के बारे में जानने वाली एक बात यह है कि इन्हें अपने प्यार का इजहार करना मुश्किल होता है। ये लोग अपनों से भी अपने प्यार का इजहार नहीं कर पाते हैं और साथ ही इन्हें हर चीज में गलती खोजने की आदत होती है।

**लेफ्ट और राइट दोनों हाथों से साइन करने**

बाएँ और दाएँ दोनों हाथों से हस्ताक्षर करने वाले लोगों के बारे में वास्तु विशेषज्ञों का कहना है कि ये लोग बहुत प्रतिभाशाली होते हैं। उनके पास अद्भुत प्रतिभा है क्योंकि वह दोनों हाथों से हस्ताक्षर कर सकते हैं। वह जहां भी जाएंगे इतिहास रचने की कोशिश करेंगे। उनके साथ एकमात्र समस्या यह है कि वे बहुत लापरवाह हैं। अगर लापरवाही दूर हो जाती है, तो यह उनके लिए अच्छा होगा।



# कितने ही कठोर व कड़वे निर्णय लेने हों, मैं पीछे नहीं हटूंगी : ऋतू खंडूड़ी, स्पीकर





**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

तो क्या ये तूफ़ान आने का संकेत है ? क्या जिस कमरे पर स्पीकर ने खुद खड़े होकर ताला जड़वाया है उसमें राज़ दफन होंगे ? क्यों अध्यक्ष खंडूड़ी ने कहा न खाउंगी न खाने दूंगी ? बहुतों की उडी नींद , कइयों को दिखने लगे कलई खुलने का बुरा ख्वाब

विधानसभा भर्ती प्रकरण पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा है कि उत्तराखण्ड विधान प्रदेश का सर्वोच्च सदन है, इसकी गरिमा को बनाये व बचाये रखना मेरा दायित्व ही नहीं मेरा कर्तव्य भी है।एक बात मैं स्पष्ट रूप से प्रदेशवासियों को और खासतौर पर उत्तराखण्ड के युवा वर्ग को कहना चाहूँगी, वह आश्वस्त रहें, मैं किसी को भी निराश नहीं करूँगी, सबके साथ न्याय होगा। इसके बाद नौजवानों और उत्तराखंड की लाखों जनता में एक सकारात्मक सन्देश गया है। जनता अब इन्साफ होने का इंतज़ार कर रही है।

स्पीकर खंडूड़ी ने साफ़ किया है कि उनके लिए सदन की गरिमा से ऊपर कुछ भी नहीं है इसको बनाए रखने के लिये कितने ही कठोर व कड़वे निर्णय लेने हों, वो पीछे नहीं हटेंगी । विधान सभा परिसर लोकतन्त्र का मंदिर है। अध्यक्ष होने के नाते किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं अनुशासनहीनता मुझे स्वीकार्य नहीं है। विधान सभा व प्रदेश के हित में मुझे जितने भी रिफॉर्म्स विधान सभा में करने पडें मैं उसके लिये तैयार हूँ ।मेरे सार्वजनिक जीवन की शुरूआत माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर हुई। मुझे याद है उन्होंने कहा था ₹ना खाऊंगा ना खाने दूंगा₹ इसी ध्येय को मैंने भी अपने जीवन में उतारा है। मीडिया व अन्य विभिन्न स्रोतों से विधान सभा सचिवालय में कार्मिकों/अधिकारियों की विधि एवं सेवा नियमों के विरूद्ध नियुक्तियों / पदोन्नति के सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के आधार पर जनहित में मैंने दो बड़े निर्णय लिये हैं। अब इसमें कितना और किसका रोल है वो तो जांच के बाद सामने आ पायेगा लेकिन अब तेवर देखकर उम्मीद की जा सकती है कि सच्चाई जल्द सामने आ जाएगी। 1. विशेषज्ञ जांच समिति गठित की गयी है जिसमें (क) श्री दिलीप कुमार कोटिया (अध्यक्ष) (ख) श्री सुरेन्द्र सिंह रावत सदस्य एवं (ग) श्री अवनेन्द्र सिंह नयाल सदस्य हैं। सभी पूर्व कार्मिक सचिव हैं एवं प्रदेश के वह इस मामले के विशेषज्ञ हैं। इसके साथ-साथ यह भी निर्देश दिया है कि विशेषज्ञ समिति अधिकतम एक माह के भीतर अपना प्रतिवेदन, जांच रिपोर्ट / सुझाव उपलब्ध करायेगी।2. दूसरा निर्णय यह किया है कि वर्तमान विधान सभा सचिव (श्री मुकेश कुमार सिंघल) तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अवकाश पर रहेंगे। उक्त अवकाश की अवधि में विशेषज्ञ समिति, श्री मुकेश कुमार सिंघल सचिव को जांच में सहयोग हेतु उपस्थित होने के लिये जब-जब कहेगी तो उन्हें ऐसे निर्देशों का पालन करना होगा।

# उत्तराखंड में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों के विकास की अपार संभावनाएं : सतपाल महाराज

**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून 5 अगस्त। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण ,संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने फार्च्यून टॉकीज मोशन पिक्चर के बैनर तले बनी उत्तराखंडी फीचर फिल्म ₹माटी पहचान₹ ट्रेलर लॉन्च करते हुए कहा कि उत्तराखंड में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों के विकास की बहुत संभावनाएं हैं। सरकार ऐसी फिल्मों के निर्माताओं को हर संभव मदद करेगी।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने फ़राज़ शेर के ₹फार्च्यून टॉकीज मोशन पिक्चर₹ के बैनर तले बनी उत्तराखंडी फीचर फिल्म ₹माटी पहचान₹ का ग्राफिक ऐरा हिल यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में ट्रेलर लॉन्च



किया। यह फिल्म 23 सितम्बर 2022 को प्रदेश के हर सिनेमा हाल में रिलीज़ होने जा रही है।

फॉर्च्यून टॉकीज मोशन पिक्चर्स बहुप्रतीक्षित उत्तराखंडी फीचर फिल्म ₹माटी पहचान₹ के ₹ट्रेलर लॉन्च₹ के अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि फिल्म फराज़ शेरे द्वारा अपने बैनर फॉर्च्यून टॉकीज मोशन पिक्चर्सके तहत निर्मित और अजय बेरी द्वारा निर्देशित फिल्म ₹माटी पहचान₹ वर्षों से पहाडों से हो रहे पलायन की त्रासदी पर आधारित है। पहली बॉलीवुड शैली की उत्तराखंडी फिल्म स्थानीय प्रतिभाओं और युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देती है।

उन्होने कहा कि ₹माटी पहचान₹ फिल्म उत्तराखंड के एक छोटे से गांव में पहचान, समुदाय, भाषा और प्रेम के जटिल मुद्दों की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती है। यह फिल्म पहाड़ों की कहानी कहने के साथ-साथ अपने नौनिहालों को घर वापसी का भी संदेश देती है। निश्चित रूप से उत्तराखंड में क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों के विकास की बहुत संभावनाएं हैं और ₹माटी पहचान₹ फिल्म इस शुरुआत की तरफ बढ़ाया गया एक अच्छा कदम कहा जा है। उन्होने आशा व्यक्त की कि फिल्म के निर्माता, निर्देशक आगे भी इस प्रकार की प्रेरणादायक फिल्में राज्य के दर्शकों तक पहुंचने का क्रम जारी रखेंगे।

# हमारे पास 25 वर्षों में अमृत काल को स्वर्णिम अक्षरों में लिखने का मौका : मुख्यमंत्री





मो० सलीम सैफ़ी की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के 40वें ज्ञान दीक्षा समारोह में छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी छात्र अपने परिश्रम से इस ज्ञान की गंगोत्री को सफल बनाते हुए आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि इस परमधाम में इस मौके पर आने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। प्रतिवर्ष 21 जून को आयोजित होने वाला योग दिवस इसका एक उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबको यहां बुलाया गया है, आप सब विशिष्ट कार्य के लिए बने हैं। मुख्यमंत्री ने छात्रों से आह्वान करते हुए कहा कि हम सब को यह संकल्प लेना चाहिए कि इस ज्ञान की गंगा के प्रभाव को कम नहीं होने देंगे और नए भारत को बनाने में सभी योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा हम सब के पास आने वाले 25 वर्षों में अमृत काल को स्वर्णिम अक्षरों में लिखने का मौका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यू इंडिया का जो सपना देखा है हम सबको उस सपने को साकार करने में अपना योगदान देना है।

मुख्यमंत्री ने गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य श्रीराम शर्मा जी को याद करते हुए कहा कि इस संसार में बहुत कम गिने-चुने लोग हैं जिन्होंने अपने विचारों से करोड़ों लोगों का जीवन बदला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य श्रीराम शर्मा जी द्वारा समाज में जनजागृति लाने का पुनीत कार्य भी किया गया।

कार्यक्रम में देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या ने आनलाइन जुडकर समारोह की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ज्ञान दीक्षा संस्कार विद्यार्थियों को नवजीवन प्रदान करने वाला है। जीवन में आध्यात्मिकता को उतारने का यह श्रेष्ठ अवसर है। उन्होंने कहा कि यहाँ पाठ्यक्रम के अलावा जीवन जीने की कला सिखाई जाती है, जो विद्यार्थियों को ऊँचा उठाने में सहायक है। कार्यक्रम में कुलपति शरद पारधी, प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या, देश-विदेश से आये विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक गण मौजूद रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटे विनय शंकर पाण्डेय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) विनय शंकर पाण्डेय के निर्देशों के क्रम में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतीक जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में त्रि-स्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के क्रम में मतदान कार्मिकों का प्रथम रेण्डेमाइजेशन किया गया। इस मौके पर कार्मिकों का प्रथम रेण्डामाइजेशन करने के पश्चात सभी विकास खण्डों में तैनात कार्मिकों की सूची का प्रिण्ट आउट निकाला गया, जिनका अवलोकन उपस्थित अधिकारियों एवं सम्बन्धितों द्वारा किया गया।




इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वीर सिंह बुदियाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी के0के0 गुप्ता, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचस्थानी) आर0आर0 थपलियाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी यशपाल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# उत्तराखंड एसटीएफ नकल माफिया की गर्दन तक पहुंची गिरफ्तारी नम्बर 34

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पेपर लीक में अब तक कुल 92 लाख कैश बरामद किए जा चुके साथ ही पूर्व में गिरफ्तार अभियुक्तगणों की करोड़ों की अवैध संपत्ति का भी पता लगाया गया,दर्जनों बैंक अकाउंट को फ्रिज भी किया जा चुका है एसटीएफ उत्तराखंड द्वारा उत्तर प्रदेश के नकल माफियों के अहम साथी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है पुख्ता साक्ष्य और टेक्निकल एविडेंस के आधार पर अभियुक्त संपन्न राव को एसटीएफ द्वारा गोमतीनगर लखनऊ से गिरफ्तार किया गया है,अभियुक्त मूल रूप से गाजीपुर उत्तर प्रदेश का निवासी है और नकल सरगना सादिक मूसा का साथी है अभियुक्त द्वारा परीक्षा से पहले अन्य अभियुक्त के साथ परीक्षा से पहले हरद्वानी में आकर रुकना और पेपर लीक करने में अहम भूमिका पाई गई है एसटीएफ उत्तराखंड द्वारा अभियुक्त संपन्न से परीक्षा लीक प्रकरण से प्राप्त 3.80 लाख भी बरामद हुए है एसटीएफ उत्तराखंड द्वारा पूर्व में गिरफ्तार अन्य अभियुक्त विपिन बिहारी के घर से परीक्षा में पेपर लीक के माध्यम से प्राप्त 6 लाख भी उसके लखनऊ स्थित आवास से बरामद किए गए है





# डीएम सोनिका ने सड़क पर उत्तर कर स्मार्ट सिटी कार्यों का देखा हाल, दिए बड़े निर्देश







महविश की रिपोर्ट
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 5 सितम्बर। जिलाधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनिका ने शहर के गांधी पार्क, गांधी रोड़, प्रिंस चैक, दर्शनी गेट, हरिद्वार रोड़, बलवीर रोड़ में स्मार्ट सिटी लि0 द्वारा कराए जा रहे कार्यों के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कंपनियों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यों से आमजन को परेशानी न हो इस बात का विशेष ख्याल रखें। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रतिदिन कार्यों की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए कि सड़कों पर निर्माण सामग्री बिखरी न रहे उसे सुव्यवस्थित करें अन्यथा खाली जगह रखें ताकि यातायात बाधित न रहे। उन्होंने गांधी पार्क के समीप बीएनआर कंपनी द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण कार्यों को पूर्ण करने तथा जहां कार्य पूर्ण हो चुका है वहां पर नालियां ढकने के निर्देश दिए साथ ही अन्य जगहों पर चलाये जा रहे निर्माण कार्यों को भी यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यूपीसीएल के अधिकारियों को विद्युत संर्वधन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि सड़कों का कार्य जल्द कराया जा सके।

उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को सड़कों के गड्ढों को शीघ्र भरते हुए पैचवर्क कार्य कराये जाने के निर्देश दिए। साथ ही शहर में कराए गए सिवर कार्यों जहां पर चैम्बर सड़क से ऊपर है अथवा नीचे है ऐसे स्थानों पर सड़क एवं चैम्बर को एक लेवल पर करने निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बलवीर रोड़ पर आरजी गुरूनाम ठेकेदार द्वारा कराये जा रहे पेयजल संर्वधन कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए सड़कों की मरम्मत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। गांधी रोड़ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जहां पर बरसात में पानी जमा होने से सड़कों पर गड्ढे है ऐसी जगह टाइल्स लगाई जाए ताकि बरसात में कोई अप्रिय घटना घटित न हो।

निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लि0 श्याम सिंह राणा, अधि0 अभि0 यूपीसीएल गौरव सकलानी, अधि0 अभि0 जल संस्थान आशीष भट्ट, सहायक महाप्रबंधक वाटरवर्क कृष्ण पल्लव चमोला, अधि0 अभि0 सिविल तनुज काम्बोज, सहायक महाप्रबंधक विद्युत आशीष दयाल, सहायक महाप्रबंधक अधिप्राप्ति गिरीश पुण्डीर, सहायक महाप्रबंधक ब्रिज एण्ड रूफ सुनील कोहली आदि मौजूद रहे।

# ऋषभ पंत : मैं उच्च जोखिम वाला गेम खेलता हूं पर......





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टीम इंडिया ने अपने एशिया कप 2022 की शुरुआत प्रमुख अंदाज में की है और वर्तमान में प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने के लिए पसंदीदा में से एक है।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने ग्रुप ए के दूसरे मैच में हांगकांग के खिलाफ सूर्यकुमार यादव की विशेष जीत के बाद खिताब की रक्षा के अपने सलामी बल्लेबाज पाकिस्तान को हराया।दुबई में 28 अगस्त से शुरू हुआ कॉन्टिनेंटल टूर्नामेंट क्रिकेट प्रशंसकों के लिए अब तक का बहुप्रतीक्षित मनोरंजन खिला रहा है। चाहे वह श्रीलंका बनाम बांग्लादेश हो या अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका या भारत बनाम पाकिस्तान, हर खेल देखने वाले प्रशंसकों के लिए एक और रोलर-कोस्टर की सवारी बन रहा है।टीम इंडिया में वापस आकर, टीम चयन के बारे में पंडितों और आलोचकों द्वारा हमेशा कई अटकलें लगाई जाती हैं जो प्लेइंग इलेवन के बारे में सवाल करती हैं।

चाहे वह विराट कोहली हो, केएल राहुल हो या ऋषभ पंत या इस समय कोई और भारतीय स्टार, हर किसी की अपनी राय होती है।हाल ही में उत्तराखंड के युथ आइकॉन बने टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी आलोचकों के बारे में अपने विचार खोले। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने भारत को कुछ वाकई आभारी क्षण प्रदान किए हैं, लेकिन दबाव के क्षणों में आक्रमण करने की उनकी बल्लेबाजी शैली के लिए कहीं न कहीं उनसे सवाल किया जाता है। पंत ने कहा, ?मुझे इस बात की आदत हो गई है कि एक पारी में शतक लगाने और अगली पारी में सस्ते में आउट होने पर भी कड़ी आलोचना होगी।?उसी पर अपने विचार साझा करते हुए, उन्होंने आगे कहा: ?मैं समझता हूं कि जब मैं बाहर निकलता हूं, तो यह बदसूरत लग सकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि यह मुझे कभी चुटकी नहीं लेता है। लेकिन मैंने इस तथ्य को स्वीकार करना सीख लिया है कि मैं उच्च जोखिम वाला खेलता हूं- उच्च इनाम वाला खेल।

# इस दिन देश भर में मिलेंगे फिल्म के शो टिकट केवल 75 रु में




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 5 सितंबर। इसी महीने की 16 तारीख को आप देश भर के 4000 से ज्यादा थियेटर में अपनी पसंदीदा फिल्म महज 75 रुपये में देख सकेंगे। मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (MAI) ने 16 सितंबर (शुक्रवार) यानी 'राष्ट्रीय सिनेमा दिवस' के लिए इस खास ऑफर का ऐलान किया है। इस ऑफर में PVR, INOX, Cinepolis जैसे देश के तमाम नामी मल्टीप्लेक्स शामिल हैं।

एसोसिएशन के मुताबिक, कोरोना जैसी महामारी के चलते थियेटर कई महीने बंद रहे। अब दोबारा खुल गए हैं और इसी को सेलिब्रेट करने के मकसद यह ऑफर लाया गया। इसका एक और मकसद सिने प्रेमियों को धन्यवाद कहना भी है।आपको बता दें कि हाल ही में अमेरिका के तमाम सिनेमाघरों ने इसी तरह के ऑफर की घोषणा की थी और कहा था कि वे 3 सितंबर यानी अपने 'राष्ट्रीय सिनेमा दिवस' के मौके पर महज 3 डॉलर का मूवी टिकट पेश करेंगे। इसी के बाद भारत के मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ने ऐसा ऐलान किया है। हालांकि अभी पीवीआर, आइनॉक्स जैसे मल्टीप्लेक्स की वेबसाइट पर ऐसे किसी ऑफर की जानकारी नहीं है।

एसोसिएशन के मुताबिक 16 सितंबर को अगर आप मल्टीप्लेक्स के टिकट काउंटर से सीधे टिकट खरीदते हैं तभी यह आपको 75 रुपये में मिलेगा। बुक माई शो या ऐसे किसी ऐप या थर्ड पार्टी प्लेटफार्म से टिकट खरीदने पर आपको ज्यादा पैसे भी चुकाने पड़ सकते हैं। आपको बता दें कि 75 रुपये में आप उस दिन थियेटर में लगी कोई भी फिल्म देख सकेंगे। भाषा वगैरह की बाध्यता नहीं है।

# भारत ब्रिटेन को पछाड़ पांचवां सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बना





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

यूनाइटेड किंगडम लंदन में सरकार को एक और झटका देते हुए छठे स्थान पर खिसक गया क्योंकि यह एक क्रूर जीवन-यापन के झटके से जूझ रहा है।इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था के 7% से अधिक बढ़ने का अनुमान है। इस तिमाही में घरेलू इक्विटी सूचकांकों में एक विश्व-धड़कन पलटाव ने एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में केवल चीन के बाद दूसरे स्थान पर अपना भारोत्तोलन देखा है।समायोजित आधार पर और प्रासंगिक तिमाही के अंतिम दिन डॉलर विनिमय दर का उपयोग करते हुए, मार्च के माध्यम से तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार ₹नाममात्र₹ नकद शर्तों में $854.7 बिलियन था। इसी आधार पर ब्रिटेन 816 अरब डॉलर का था।आईएमएफ के अपने पूर्वानुमानों से पता चलता है कि भारत इस साल सालाना आधार पर डॉलर के मामले में यूके से आगे निकल गया है, जिससे एशियाई पावरहाउस सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। एक दशक पहले, भारत सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में 11वें स्थान पर था, जबकि यूके 5वें स्थान पर था।पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश ने 2021 के अंतिम तीन महीनों में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों के अनुसार, गणना अमेरिकी डॉलर में आधारित है, और भारत ने पहली तिमाही में अपनी बढ़त बढ़ा दी है।विजेता चार दशकों में सबसे तेज मुद्रास्फीति और मंदी के बढ़ते जोखिमों का सामना करने वाले देश को संभालेगा, जो बैंक ऑफ इंग्लैंड का कहना है कि 2024 में अच्छी तरह से चल सकता है।गणना आईएमएफ डेटाबेस और ब्लूमबर्ग टर्मिनल पर ऐतिहासिक विनिमय दरों का उपयोग करके की गई थी। ब्रिटेन के तब से और गिरने की संभावना है। यूके की जीडीपी दूसरी तिमाही में नकद के संदर्भ में सिर्फ 1% बढ़ी और मुद्रास्फीति के समायोजन के बाद, 0.1% सिकुड़ गई। इस साल भारतीय मुद्रा के मुकाबले पाउंड में 8% की गिरावट के साथ, स्टर्लिंग ने रुपये के मुकाबले डॉलर को भी कमजोर कर दिया है।

# जानिए क्या हो सकते हैं कपूर के स्वास्थ्य लाभ, उपयोग और दुष्प्रभाव

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कैम्फर, जिसे वैज्ञानिक रूप से सिनामोमम कपूर के रूप में जाना जाता है, में तीखी गंध और खट्टा स्वाद होता है। कपूर का तेल, जो दर्द, चिड़चिड़ापन और खुजली को कम करने के लिए प्रयोग किया जाता है, कपूर के पेड़ की लकड़ी के बाद भाप आसवन द्वारा निर्मित होता है। कपूर का उपयोग सूजन और छाती में जमाव के इलाज के लिए भी किया जाता है। इसे आसानी से त्वचा के माध्यम से अवशोषित किया जा सकता है और इसमें तेज गंध होती है।

कपूर में एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो त्वचा की समस्याओं के इलाज में मदद कर सकते हैं, श्वसन क्रिया में सुधार कर सकते हैं और दर्द से राहत दिला सकते हैं। यहां कपूर का उपयोग करने के सभी स्वास्थ्य लाभ दिए गए हैं।

**कपूर के स्वास्थ्य लाभ :**

1. दर्द से राहत मिलना

अध्ययनों से पता चला है कि कपूर एक प्रति-अड़चन के रूप में कार्य करता है और दर्द और सूजन से छुटकारा पाने में मदद करता है। यह त्वचा में संवेदी तंत्रिका टर्मिनलों को सुन्न करता है, त्वचा की लालिमा को कम या समाप्त करते हुए दर्द और सूजन से राहत देता है।





**2. नाखून के फंगस का इलाज करता है**

कपूर अपने एंटिफंगल गुणों के कारण नाखून के फंगस के उपचार में उपयोगी है। अमेरिकन बोर्ड ऑफ फ़ैमिली मेडिसिन के जर्नल में प्रकाशित 2011 के एक अध्ययन के मुताबिक, कपूर टोनेल फंगस के इलाज में प्रभावी हो सकता है।

**3. प्रभावी एंटी-एजिंग एजेंट**

पराबैंगनी प्रकाश द्वारा लाए गए घावों और झुर्रियों की मरम्मत में इसकी प्रभावशीलता के कारण कपूर में एंटी-एजिंग सौंदर्य प्रसाधनों में एक घटक होने की क्षमता है। यह कोलेजन और इलास्टिन उत्पादन को बढ़ावा देने की इसकी क्षमता का परिणाम हो सकता है। आप जिस क्षेत्र का इलाज करना चाहते हैं, उस क्षेत्र में हर दिन कम से कम एक बार कपूर युक्त क्रीम लगाएं।

# अभूतपूर्व रही महंगाई पर हल्ला बोल रैली : गरिमा मेहरा दसौनी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 5 सितंबर, धन्यवाद उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसोनी ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तत्वाधान में आहूत महारैली की अभूतपूर्व सफलता पर उत्तराखंड कांग्रेस के जुझारू एवं संघर्षशील कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। दसौनी ने बताया की कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली के रामलीला मैदान में भाजपा की कुनीतियों के कारण लगातार बढ़ती महंगाई और अर्थव्यवस्था की समग्र आर्थिक गिरावट के विरोध में एक विशाल रैली  की जिसमें देश के तमाम वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।दसौनी ने बताया कि इस रैली में उत्तराखंड कांग्रेस ने भी प्रदेश अध्यक्ष करन महारा के नेतृत्व में बढ़ चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दसोनी ने जानकारी देते हुए बताया की प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा के अलावा प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ,नेता प्रतिपक्ष  यशपाल आर्य , उप नेता प्रतिपक्ष  भुवन कापड़ी, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत , पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल, काजी निजामुद्दीन,संगठन महामंत्री विजय सारस्वत, विधायक राजेंद्र भंडारी प्रदीप थपलियाल, सुमित हृदेश, हिमांशु गाबा, प्रेमानंद महाजन विधायक विक्रम नेगी,पूर्व विधायक राजकुमार,विजयपाल सजवान, संजीव आर्य जयेंद्र रमोलागोदावरी थपली, अनुपमा रावत, मनोज रावत प्रदीप टम्टा, मनीष खंडूरी,रंजीत रावत, राजपाल बिष्ट, यशपाल राणा, जसविंदर सिंह होगी, संजय पालीवाल सहित उत्तराखंड के सभी विधायकगण, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी, जिला/ब्लाक/नगर अध्यक्षगण सहित हजारों की संख्या में उत्तराखंड कांग्रेस के कार्यकर्ता इस महारैली में प्रतिभाग करने के लिए पहुचे।दसौनी ने बताया की पिछले दिनों 29 अगस्त को देश की 22 राजधानियों में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने प्रेस वार्ता के माध्यम से यह बात जनता तक पहुंचाने की कोशिश की थी की कैसे मोदी सरकार की कुनीतियों की वजह से आज देश विकट आर्थिक संकट का  सामना कर रहा है । इन प्रेस वार्ताओं के माध्यम से 'दिल्ली चलो' का आह्वान किया गया। दसौनी ने कहा हमारे नेताओं पर भाजपाई हुकूमत के प्रहार के बावजूद कांग्रेस पार्टी लोगों के कल्याण के लिए अथक संघर्ष कर रही है। हालांकि, हम लड़ना और मुद्दों के खिलाफ आवाज़ बुलंद करना जारी रखेंगे। दरअसल, हाल ही में श्री राहुल गांधी ने कहा कि आज भारत जिस सबसे बड़ी समस्या का सामना कर रहा है, वह है महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती नफरत। दसौनी ने कहा की रैली अत्यंत सफल रही जिसके लिए कांग्रेस का एक एक सिपाही बधाई का पात्र है।दसौनी ने कहा की रैली के माध्यम से कांग्रेस देश की जनता को संदेश देने में कामयाब रही की रोजी रोटी दे ना सके जो वह सरकार निकम्मी है और जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है।

# संपादकीय

## पीएम की उल्फत ऐसी...

तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव पटना आए थे। जाहिर है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनकी मुलाकात तय थी। आजकल ऐसी मुलाकातें सियासी तौर पर महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर विपक्ष का महागठबंधन बनाया जाना है। महागठबंधन के नेतृत्व पर भी विमर्श स्वाभाविक है। नीतीश की एक हुंकार तो सार्वजनिक हुई है-'इस बार थर्ड नहीं, मेन फ्रंट होगा।' दरअसल एक काव्यांश है कि पीएम पद की उल्फत ऐसी कि न कही जाए, न सही जाए।' लिहाजा आजकल ऐसी उल्फतें करवटें लेने लगी हैं। नीतीश ने मुख्यमंत्री पद की नई शपथ ली थी, तो उसके बाद उन्होंने कहा था कि देश भर से उन्हें फोन आ रहे हैं। उनकी जो भी व्याख्या की जाए, कमोबेश वे सभी फोन नीतीश को प्रधानमंत्री प्रत्याशी तय करने के लिए नहीं किए गए थे। इसकी बानगी चंद्रशेखर राव के साथ उनकी साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सामने आई। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने बिहारी मुख्यमंत्री की राजनीतिक समझ और सरकार के कार्यों की सराहना तो की, लेकिन प्रधानमंत्री पद के लिए नीतीश की दावेदारी और उम्मीदवारी का एक बार भी समर्थन नहीं किया। चूंकि सवालों की बौछार थी, लिहाजा नीतीश बार-बार कन्नी काटते रहे और जाने को खड़े भी हो गए, लेकिन चंद्रशेखर राव लगातार उन्हें बैठने का आग्रह करते रहे। प्रस्तावित महागठबंधन में कांग्रेस और राहुल गांधी की भूमिका क्या होगी, यह सवाल निरंतर अनुत्तरित छोड़ा गया। हालांकि बाद में कांग्रेस प्रवक्ता स्पष्ट करते रहे कि कांग्रेस विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है। सबसे ज्यादा राज्यों में उसके 'नेता प्रतिपक्ष' भी हैं, लिहाजा विपक्ष को कोई जनादेश मिलता है, तो राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री होंगे। चंद्रशेखर राव का उदाहरण तो सामने है। ममता बनर्जी, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन, डा. फारूक अब्दुल्ला और वामपंथी दलों की ओर से, नीतीश के पक्ष में, एक भी बयान नहीं आया है। लगातार दोहराया जाता रहा है कि विपक्षी दलों की बैठक होगी और सभी मिल कर तय करेंगे कि इस बार महागठबंधन 'मेन फ्रंट' साबित कैसे हो सकता है? इसी दौरान शरद पवार ने कहा है कि विपक्षी गठबंधन 'साझा न्यूनतम कार्यक्रम' के आधार पर बनाया जा सकता है। दरअसल हकीकत यह है कि सभी बड़े नेता और अपने-अपने राज्यों के क्षत्रप प्रधानमंत्री बनने की महत्त्वाकांक्षाएं पाले हुए हैं। यह अस्वाभाविक भी नहीं है, लेकिन मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की तुलना में वे खुद और उनके पार्टी काडर बेहद बौने और सीमित हैं। सिर्फ महंगाई, बेरोजग़ारी, रुपए का अवमूल्यन, चीन के अतिक्रमण, किसानी असंतोष, संघीय असंतुलन, लडख़ड़ाती अर्थव्यवस्था (झूठ बोलता है विपक्ष), पूंजीपति मित्रों के कारोबारी फायदे आदि मुद्दों पर ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को परास्त करना संभव नहीं लगता। विपक्ष को इन मुद्दों पर जन-आंदोलन तैयार करने पड़ेंगे।

# तपन कौशिक के रोटरी क्लब दून शिवालिक हिल्स व स्किल्ड स्कूल ने शिक्षक दिवस पर सम्मान दिया



**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,5 सितंबर। रोटरी क्लब दून शिवालिक हिल्स व स्किल्ड स्कूल ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर शहर के विभिंन स्कूलों व कालेजों के अध्यापक व प्रधानाचार्यो को सम्मानित किया ।

अपने वार्षिक कार्यक्रम ₹ नेशन बिल्डर अवार्ड -2022 ₹ के तहत रोटरी ने इस कार्यक्रम का आयोजन बल्लीवाला चौक स्थित " स्किल्ड" में किया , इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रवि चोपड़ा मुख्य अतिथि रहे ।

कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष तपन कौशिक ने राष्ट्र गान के साथ की व आये हुए सभी अतिथियों को रोटरी क्लब के नेशन बिल्डर अवार्ड के बारे में अवगत करवाया ।मुख्य अतिथि डॉक्टर रवि चोपड़ा ने रोटरी के नेशन बिल्डर अवार्ड की सराहना की व सभी मौजूद लोगों को शुभ कामनाए दी।




क्लब सचिव दिव्येश गर्ग ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जिसमे उन्होंने मुख्य अतिथि व आये हुए अन्य मेहमानो कार्यक्रम में आने के लिए अपना आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर रोटरी क्लब से डॉक्टर जयंत नवानी ,आस्था कौशिक , संजीव , रसिक भाटिया ,अंकित अग्रवाल , जागृति नवानी , विकास अग्रवाल ,पंकज अग्रवाल , मेधावी भाटिया , सुनील शर्मा , कविता आदि मौजूद थे।

**सम्मानित किए गए :** डॉ. राजेश मिश्रा बनिता श्रीवास्तव अजय गोयल नीना डी'मोंटे अमित गोयल ममता गुलेरिआमेघा चौहान नीलू खन्ना डॉ जूही गर्ग चन्दन सिंह घुघत्याल नीलू मेहता शर्मिष्ठा सेन सुमित कुमार गुप्ता नरेश सिंह नयाल सतेंद्र कुमार

# हमारा शिक्षक हमारा अभिमान के तहद केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने किया शिक्षकों को सम्मानित




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रपुर 5 सितंबर , शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर नगर निगम रुद्रपुर एवं डिटॉल हाइजीन एजुकेशन प्रोग्राम के संयुक्त तत्वाधान में नगर निगम सभागार में आयोजित 'हमारे शिक्षक हमारा अभिमान' कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शिक्षा, स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बाबू मजूमदार, रश्मि शर्मा, सरला अदलखा ,रमा गंगवार ,संदीप धीर, मोहम्मद हनीफ, अजीत कुमार मिश्रा ,कैलाश वर्मा, विकास अग्रवाल, अमिता सिंह, रवि मोहन ,पुष्पा टम्टा दीपक वर्मा साहित 100 से अधिक शिक्षकों को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का केंद्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया ।इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा शिक्षक समाज के निर्माता हैं शिक्षा की बेहतर भविष्य का निर्माण करते हैं उन्होंने कहा कि एक शिक्षक ही देश में आदर्श नागरिक का निर्माण करता है। उन्होंने कहा शिक्षकों के बिना समाज अधूरा है डिटॉल द्वारा प्रायोजित हाइजिन ओलंपियाड की तारीफ करते हुए उत्तराखंड के प्रबंधक सैयद अली नकवी की सराहना की ।इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने कर्तव्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों को गहन चिंतन से छात्र-छात्राओं को पढ़ाते है और बढ़ते हुए भारत की नई नींव में यह विकसित छात्र अपना पूर्ण सहयोग दे पाएंगे ।मंच का सफल संचालन हरीश दनाई एवं धीरेंद्र पांडे के द्वारा किया गयाइस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उत्तम दत्ता मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य जी खंड शिक्षा अधिकारी गुंजन अमरोही चंद्रसेन कोली आदि उपस्थित रहे

# स्पीकर खण्डूड़ी ने नींबूचौड़ के क्षतिग्रस्त सुखरो पुल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कोटद्वार 5 सितंबर, उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक ऋतु खंडूडी भूषण ने कोटद्वार में नींबूचौड़ के क्षतिग्रस्त हुए सुखरो पुल का अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को जल्द से जल्द सुखरो पुल को दुरस्त किए जाने के निर्देश दिए। ज्ञात है कि विगत दिनों भारी बारिश से उफनाई सुखरो नदी में बने 385 मीटर स्पान के नींबूचौड़ मोटर पुल का एक पिलर धंस गया। पिलर धंसते ही पुल भी दो इंच नीचे हो गया। जिस कारण पुल पर आवाजाही रोक दी गई है।जिससे कोटद्वार भाबर क्षेत्र का कोटद्वार बाजार से संपर्क टूट चुका है।भाबर के गांवों के साथ ही लालढांग और हरिद्वार की ओर चलने वाले वाहन पुल के ठीक होने तक कौड़िया-बीईएल पुल होते हुए मोटाढांक से आवाजाही कर रहे हैं।बता दें कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पुल के धंसने की खबर का संज्ञान लेते ही दूरभाष पर अधिकारियों को इसे दुरुस्त करने के निर्देश दे दिए गए थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने रविवार को कोटद्वार में पहुंचते ही सर्वप्रथम पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने पुल में पड़ी दरार के साथ साथ पुल के धसे पिलर का मुआयना किया। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पुल को दुरुस्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि पिलर के नीचे हुए कटाव से पुल करीब दो इंच धंस गया है। सूचना मिलते ही लोनिवि ने नदी के पानी को डायवर्ट कर पुल के पिलर की मरम्मत शुरू कर दी है। एक्सपर्ट व टेक्निकल टीम द्वारा पुल की जांच कर दी गई है।अधिशासी अभियंता डीपी सिंह ने बताया कि पुल की प्रारंभिक मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नोएडा से पहुंचे एक्सपर्ट टीम के द्वारा पुल की जांच के बाद धंसे भाग को लिफ्ट करने की योजना बनाई गई है जिसके तहत लिफ्ट कर पुल को दुरुस्त किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान उप जिलाधिकारी से पुल के प्रोटेक्शन की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शीघ्र से शीघ्र पुल के मरमत्तीकरण का कार्य प्रारंभ कर पुल पर आवाजाही प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि 1 महीने के अंतर्गत पुल पर छोटी बड़ी गाड़ियों का आवागमन शुरू होगा जिससे लोगों को हो रही परेशानियों से निजात मिलेगी। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी प्रमोद कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह, सहायक अभियंता अर्चना, सहायक अभियंता अजीत सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।







## बागेश्वर धाम में सीएम धामी ने मत्था टेका

बागेश्वर 5 सितंबर,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर स्थित विश्व प्रसिद्ध बागनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं तरक्की की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने 316.91 लाख की लागत से बने बागनाथ मन्दिर से नुमाईषखेत को जोड़ने वाले पुल, एवं बागनाथ मंदिर में धर्मशाला का निर्माण एवं रेनोवेशन का कार्य तथा छत पर काले रंग की पटाल व क्लेडिंग कार्य का लोकार्पण किया।इस दौरान केबिनेट मंत्री चंदन राम दास, सांसद अजय टम्टा, विधायक सुरेश गडिया,भाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट , एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# वन दरोगा ऑनलाइन परीक्षा 2021 की खुलेगी कुंडली, केस दर्ज

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 5 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जीरो टॉलरेंस आन करप्शन की नीति और नकल माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश के क्रम में अब एक और बड़ी कार्रवाई हुई है मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने ऑनलाइन वन दरोगा भर्ती की जांच कराने के लिए पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया था। डीजीपी अशोक कुमार ने इस प्रकरण की जांच एसटीएफ को सौंपी गई। जिसके बाद उत्तराखंड एसटीएफ ने परीक्षा में धांधली की पुष्टि होने पर वन दरोगा ऑनलाइन 2021 परीक्षा मे केस दर्ज किया है मुख्यमंत्री धामी ने लगातार ज़ीरो टॉलरन्स ऑन करप्शन की नीति से कोई समझौता न करने की बात कही है। उन्होंने कहा है भर्ती प्रक्रिया में यदि कोई अनियमितता है तो इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा।अपने प्रदेश के ईमानदार और परिश्रमी युवाओं के साथ हमारी सरकार अन्याय नहीं होने देगी एसटीएफ़ द्वारा जानकारी दी गयी है कि वन दरोगा के पदों पर भर्ती परीक्षा दिनाक 16- 9-21 से 25-9-21 के बीच 18 शिफ्टों में ऑनलाइन आयोजित हुई थी



।जिसमे कुल 316 पदो के लिए रिक्तियां थी। उपरोक्त प्रकरण में अनियमितता और कुछ छात्रों द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग की एसटीएफ/साइबर द्वारा जांच बाद पुष्टि हुई है। प्रकरण में जांचोंपरांत साइबर थाना देहरादून पर मुकदमा अपराध संख्याः 22/22 धारा 420/120 B भादवी,66 आई.टी. एक्ट और 3/5/6/9/10 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा नकल निवारण अधिनियम की धाराओं में पंजीकृत किया गया है। प्रकरण में प्राथमिक रूप से कुछ छात्रों को चिन्हित भी कर लिया गया है और इसमें सम्मिलित कुछ नकल माफियाओं को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ भी चल रही है। इस परीक्षा को कराने वाली एजेंसी M/S NSEIT Limited की संलिप्तता होने के साक्ष्य प्राथमिक जांच से प्रकाश में आए है और साथ ही कुछ प्राइवेट इंस्टीट्यूट जहां पर परीक्षायें आयोजित हुई,उनको भी चिन्हित कर लिया गया है। उपरोक्त ऑनलाइन नकल माफिया गैंग में हरिद्वार देहात,पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के लोग प्राथमिक जांच में शामिल पाए जाने के संकेत मिले है। ऑनलाइन नकल परीक्षा गैंग में प्राइवेट इंस्टीट्यूट जहा नकल के सेंटर थे,ऑनलाइन परीक्षा कराने वाली एजेंसी के कुछ लोग,कक्ष निरीक्षक, व परीक्षा से जुड़े कुछ लोग जांच में संदिग्ध प्रकाश में आए है।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा